


# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से युवाओं को मिलेगा सशक्त भविष्य: राव नरबीर सिंह

## ईपीएफओ गुरुग्राम द्वारा आयोजित प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम में उद्योग जगत, नियोक्ताओं और कर्मचारियों ने की भागीदारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 जून।** देश में रोजगार सृजन को नई गति देने और युवाओं को औपचारिक रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत शुक्रवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) क्षेत्रीय कार्यालय, गुरुग्राम (पूर्व) द्वारा प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने मुख्य अतिथि तथा गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विज्ञान भवन से प्रधानमंत्री के संबोधन और राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें उद्योग प्रतिनिधियों, नियोक्ताओं और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य कार्यक्रम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के 15 लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग रुपये 2,400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि वितरित की।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने प्रोत्साहन राशि वितरण से पूर्व अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना देश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि उद्योग और श्रम एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि उद्योगों का विस्तार होगा तो रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और कुशल श्रमिकों की भागीदारी से उद्योगों की प्रगति भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए रोजगार आधारित विकास मॉडल पर विशेष बल दिया जा रहा है, जिसमें यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने हाल ही में नई उद्योग नीति लागू की है, जिसमें निवेशकों और उद्यमियों के लिए अनेक प्रोत्साहन, सब्सिडी और सुविधाएं प्रदान की गई हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने पहली बार ऐसे प्रावधान किए हैं जिससे सीमित संसाधनों वाले उद्यमी भी लीज आधारित भूमि व्यवस्था के माध्यम से अपना उद्योग स्थापित कर सकें। इससे प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा और बड़ी संख्या में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने उद्योग जगत से आह्वान किया कि वे सरकार की रोजगारोन्मुखी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाते हुए युवाओं को औपचारिक रोजगार से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल आर्थिक समृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने उद्योगपतियों, कर्मचारियों और नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह बंद करने तथा अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रोजगार, औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन से ही गुरुग्राम और हरियाणा देश के विकास मॉडल के रूप में स्थापित होंगे तथा विकसित भारत-2047 के संकल्प को नई मजबूती मिलेगी।

ईपीएफओ की क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 डॉ. अर्चना ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह योजना युवाओं को संगठित क्षेत्र में रोजगार से जोड़ने तथा नियोक्ताओं को अधिक रोजगार सृजित करने के लिए प्रोत्साहित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (जीआईए) के अध्यक्ष सुमित राव तथा क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-प्रथम अशोक कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 500 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही, जिनमें विभिन्न लाभार्थी, नियोक्ता, उद्योग संघों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा ईपीएफओ के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

# 20 वर्ष पुरानी मांग हुई पूरी, पुराने बाईपास एवं माता गेट क्षेत्र में लगेंगी आधुनिक स्ट्रीट लाइटें

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 19 जून।** वार्ड नंबर 17 के निवासियों को जल्द ही बेहतर प्रकाश व्यवस्था की सौगात मिलने जा रही है। पुराने बाईपास तथा माता गेट से कश्यप चौक तक अत्याधुनिक स्ट्रीट लाइटें स्थापित करने के लिए नगर परिषद द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है। इस परियोजना पर लगभग 38 लाख रुपये की लागत आएगी। वार्ड नंबर 17 के पार्षद प्रवेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग थी कि पुराने बाईपास एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए। परियोजना के पूर्ण होने के बाद देवीगढ़ चौक से शेरगढ़ रोड तथा देवीगढ़ चौक से देवीगढ़ स्कूल तक दोनों ओर की सडकें रोशनी से जगमगा उठेंगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से रात के समय होने वाली सडक़ दुर्घटनाओं में कमी आएगी, महिलाओं एवं राहगीरों की सुरक्षा बढ़ेगी तथा क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को भी नई पहचान मिलेगी। बेहतर प्रकाश व्यवस्था से व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा और लोगों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा। पार्षद वीरेंद्र बतरा ने कहा कि इस कार्य के लिए वार्डवासी नगर परिषद प्रशासन के आभारी हैं। पार्षद प्रवेश शर्मा ने कहा कि नगर परिषद कैथल शहर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस परियोजना के पूरा होने से वार्ड नंबर 17 के हजारों निवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ेगा।

## डाक्टर की हत्या से पहले पुलिस ने तीन शूटर्स को किया गिरफ्तार

**करनाल (शैलेंद्र जैन)।** करनाल एसटीएफ को बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने एक ऐसे बदमाश को गिरफ्तार किया है, जो कुरुक्षेत्र में एक डॉक्टर की हत्या की वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के पास से हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान गैंग के अन्य सदस्यों का भी खुलासा हुआ, जिसके बाद दो और बदमाशों को पंजाब से काबू किया गया। एसटीएफ ने मुख्य आरोपी शुभम को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से दो ऑटोमैटिक गन और 25 जिंदा कारतूस मिले हैं। पूछताछ में शुभम ने कई अहम खुलासे किए और अपने दो साथियों के बारे में जानकारी दी। पंजाब से आशु और विकास भी गिरफ्तार शुभम की निशानदेही पर एसटीएफ ने पंजाब में दबिश देकर उसके दो साथी आशु और विकास को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी एक संगठित गिरोह के तौर पर काम कर रहे थे और वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। कई शहरों में चला चुके गोलियां पूछताछ में सामने आया कि ये आरोपी पहले भी पंजाब के कपूरथला, लुधियाना, मोहाली और फगवाड़ा में फायरिंग की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। ये लोग फिरौती मांगने का काम करते हैं और पैसे न मिलने पर गोलियां चलाकर दहशत फैलाते हैं। काला राणा गैंग से जुड़े आरोपी जांच में यह भी सामने आया है कि तीनों बदमाश काला राणा गैंग से जुड़े हुए हैं। यह गैंग प्रदेश और आसपास के इलाकों में आपराधिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। एसटीएफ इंस्पेक्टर दीपेंद्र राणा ने बताया कि फिलहाल तीनों आरोपियों का रिमांड लिया था।

# हजारों धर्मालुओं ने गुरु अर्जुन देव जी की शहादत को किया याद

> गुरू साहिब अर्जुन देव जी का शहीदी पर्व डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में मना
>
> रागी ढाडी जत्थों ने गुरु की महिमा के साथ गुरु की शहादत का किया बखान

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 19 जून।** सिखों के गुरु साहिब श्री गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी पर्व 18 जून को डेरा कारसेवा में धार्मिक कार्यक्रमों तथा गुरमत समागम के साथ मनाया गया। शहीदी पर्व गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी डेरा कारसेवा करनाल द्वारा पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह डेरा प्रमुख डेरा कारसेवा के विषेष सहयोग से मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में दीवान सजाया गया। दूरदराज से आरए रागी ढाडी तथा कीर्तन जत्थों ने गुरु की महिमा के साथ गुरु अर्जुन दीव जी की शहादत का बखान किया। यह जानकारी गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव स. इंद्रपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि शहीदी पर्व पर मत्था टेकने के लिए विधायक जगामेहन आनंद, पार्षद संकल्प भंडारी भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर पूर्व पार्ग्ग गिन्नी तथा समाज के प्रबुद्ध जन पहुंचे। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स. इंद्रपाल सिंह ने बताया कि सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक तथा सायं साढ़े छह बजे से रात साढ़े दस बजे तक गुरमति समागम हुआ । इस अवसर पर भाई गुरुदित्त सिंह हजूरी रागी श्री दरवार साहिब अमृतसर साहिब, गुरप्रीत सिंह हूजरी रागी पौंटा साहिब,भाई मंजी साहिब गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी भाई अमृतपाल सिंह, भाई गुरुसेवक सिंह हजूरी रागी श्री सिंह सभा गुरुद्वारा माडल टाउन, बलविंदर सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा मंजी साहिब, भाई गुलाब सिंह गुरुद्वारा शहीदी बाबा दीप सिंह द्वारा गुरु की महिमा का गुणगान किया । इस अवसर पर नितनैम एव पाठ हरह रसि साहिबभाई मंजूर सिंह तथा भाई गुरप्रीत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर बरता गयरा। इस अवसर पर गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंद्रर सिंह, महासचिव इंद्रपाल संह, रतन सिंह, हरमीत हैप्पी, गुरपाल सिंह डोनी जसविंद्रर सिंह डिम्पी सहित तमाम जन मौजूद थे।

## सऊदी अरब से लौटते ही दबोचा गया 5 साल से फरार आरोपी

**नोएडा (अप्रस)।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने पिछले पांच वर्षों से फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, रंगदारी, धमकी और आईटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से भारत छोड़कर सऊदी अरब में रह रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुदासिर जहूर पुत्र जहूर अहमद (38 वर्ष) निवासी अरम मस्जिद, खानयार, जम्मू-कश्मीर के रूप में हुई है। उसे गुरुवार को मुंबई एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों की सहायता से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह सऊदी अरब के जेद्दा शहर से भारत लौट रहा था। मामले की शुरुआत वर्ष 2021 में हुई थी, जब एक महिला ने थाना फेस-3 में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसने आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2020 में मथुरा जिले के नौहझील थाने में धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और जालसाजी से संबंधित मुकदमा दर्ज कराया था।




# केजीएमसी में हुआ न्यूमोकोकल 20 वैक्सीनेशन कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 19 जून।** स्वदेशी जागरण मंच, वरिष्ठ नागरिक आयाम - स्वास्थ्य, करनाल की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए एक न्यूमोकोकल 20 वैक्सीनेशन कार्यक्रम का आयोजन कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल में किया गया । डॉक्टर एमके गर्ग, निदेशक, डॉक्टर विलेश अग्रवाल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डॉ गुलशन गर्ग, डिप्टी मेडिकल सुपरीटेंडेंट और अन्य स्टाफ की उपस्थिति में यह कार्यक्रम किया गया डॉ श्याम वाधवा एवं डॉक्टर के के चावला ने स्वदेशी जागरण मंच एवं वरिष्ठ नागरिक आयाम द्वारा की जा रहे कार्यों के बारे में संक्षेप में बताया कि अब तक 1200 से अधिक मरीजों को साप्ताहिक डिस्पेंसरी में फ्री दवाई दी जा चुकी है और टीवी पेशेंट को 350 से ज्यादा पोशाक कीटों का वितरण किया जा चुका है द्य देहदान और अंगदान के बारे में भी बहुत अच्छे काम हो रहे हैं द्य उन्होंने यह भी बताया कि आज का टीका इन वरिष्ठ नागरिकों को जीवन भर निमोनिया से बचाएगा । डायरेक्टर श्री एमके गर्ग ने स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ नागरिक आयाम - स्वास्थ्य द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और आज के वैक्सीनेशन कार्यक्रम के बारे में भी उन्होंने नागरिकों की सेवा में एक बहुत बड़ा कदम बताया । आज 31 वरिष्ठ नागरिकों ने यह टीका लगवाया जिसमें मुख्यत~ सरदार जीएस मनचंदा, श्री ज्ञान प्रकाश, श्री इंद्र खुराना, श्री नरेश चावला, श्री चरणजीत वधवा, श्री सुरेश पुरी, श्री दिनेश छाबड़ा, श्री सतीश कुकरेजा, श्री नरेश चावला, श्री अशोक चौधरी और श्री दुलीचंद परिवार सहित थे ।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित 1244, Sector 7, Karnal, Haryana-132001 से जारी। प्रधान संपादक : महावीर जैन, प्रबंध संपादकः अक्षित जैन
आर.एन.आई. पंजीक्रम : HRHIN/25/A2947 फोनः 9501992227, 9815033624 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकारः हरीश चंद्र जैन, एचसीएस (सेवानिवृत्त)